बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का अतिरिक्त परीक्षाफल

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 02.11.2018 को एवं अन्तिम परीक्षाफल दिनांक 01.02.2019 को प्रकाशित करते हुए अन्तिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की अनुशंसा सम्बन्धित विभागों को भेजी जा चुकी है।

उक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) महिला कोटि की एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 140015, शशि रंजन द्वारा आर॰टी॰आई॰ के तहत सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं की छायाप्रति मांगी गईं थी। सूचना प्राप्ति के बाद उक्त उम्मीदवार द्वारा अभ्यावेदन देकर सूचित किया गया कि उपलब्ध कराई गई सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र की उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति उनकी (उम्मीदवार की) नहीं है।

मामले की जाँच के क्रम में पाया गया कि सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र के उत्तर पुस्तिकाओं की कोडिंग में हुई त्रुटि के कारण अनुक्रमांक – 140015 सहित दो अन्य उम्मीदवारों, अनुक्रमांक – 140017 एवं 140022 के उक्त विषय की उत्तर पुस्तिकाएँ एवं तदनुसार उनपर अंकित प्राप्तांक आपस में बदल गये हैं।

सामान्य अध्ययन प्रथम पत्र के अंक में वृद्धि के फलस्वरूप अनुक्रमांक – 140015, शशि रंजन जो पूर्व में मुख्य (लिखित) परीक्षा के आधार पर असफल थीं, अब अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) महिला कोटि के कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त करने के आलोक में मुख्य (लिखित) परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की सूची में शामिल होने योग्य हैं। अन्य दो उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 140017 एवं 140022, जिनके अंकों में कमी हुई है, पूर्ववत् असफल उम्मीदवारों की सूची में शामिल रहेंगे।

तदालोक में आयोग, अनुक्रमांक – 140015, शशि रंजन को 60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल घोषित करते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करता है। साक्षात्कार की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

02.6.20

तिथिः 02 जून, 2020

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना